तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.219	वकुलाय उप.। वकील अपीलाण्टगण श्री सुमेरसिंह राजपुरोहित एवं वकील रेस्पोडेण्ट संख्या 4 श्री रामलाल भाटी ने उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र अपीलाण्ट एवं रेस्पोडेण्ट संख्या 4 के हस्ताक्षर युक्त पेश किया गया एवं निवेदन किया गया कि अपीलाण्ट एवं रेस्पोडेण्ट संख्या 4 के मध्य राजीनामा हो गया है। अब अपीलाण्टगण रेस्पोडेण्ट संख्या 4 की बख्शीशसुदा भूमि ग्राम बांकली के खसरा नम्बर 448/2 रकबा 0.20 है. के संबंध में अपने सारे हक हकूक अधिकार विड्रो करता है तथा भविष्य में उपरोक्त भूमि के संबंध में अपीलाण्ट भारत के किसी भी न्यायालय में कोई भी हक हकूक अधिकार, कब्जा, स्वत्व क्लैम नहीं करेगें तथा उपरोक्त भूमि पर रेस्पोडेण्ट संख्या 4 का हक हकूक अधिकार कब्जा स्वामित्व स्वीकार करते है। इसलिए निवेदन है कि पत्रावली आज ही पेशी पर ली जाकर अपील जरिए विड्रॉल खारिज फरमाई जावें। अपीलाण्टगण उनके अधिवक्ता तथा रेस्पोडेण्ट संख्या 4 व उनके अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र पर पत्रावली आज तलब की जाकर उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा अपील अपीलाण्ट जरिए विड्रॉल खारिज की जाती है। पत्रावली इस न्यायालय से शुमार फैसल की जाकर इस न्यायालय से नम्बर से कम हो। जिला कलक्टर, पाली	